सत्यमेव जयते

राजस्थान राजपत्र विशेषांक	RAJASTHAN GAZETTE Extraordinary
साधिकार प्रकाशित	Published by Authority
आश्विन 26, शनिवार, *शाके* 1947- अक्टूबर 18, 2025 Asvina 26, Saturday, Saka 1947- October 18, 2025	

भाग 6 (ख)

जिला बोर्डो, परिषदों एवं नगर आयोजना संबंधी, विज्ञप्तियां आदि

जयपुर, विकास प्राधिकरण जयपुर

अधिसूचना

जयपुर, अक्टूबर 10, 2025

संख्या जविप्रा/उपा/जोन-5/2025/18059484 :-जयपुर विकास प्राधिकरण अधिनियम **1982** की धारा **25**की उपधारा (**3**) के अनुसरण में जयपुर विकास प्राधिकरण क्षेत्र में स्थित नवजीवन गृ.नि.स.स. की योजना निर्माण नगर-ए-बी के आवासीय पुर्नगठित भूखण्ड संख्या-**7** व भू.सं.- **18** क्षेत्रफल **871.10**वर्गगज भूमि जिसका भू-उपयोग मास्टर विकास योजना-**2025** व जोनल विकास योजना-**04** के अनुसार व्यावसायिक दर्षाया गया है**,** का आवासीय से व्यावसायिक भू-उपयोग परिवर्तन प्रस्तावित किये जाने बाबत् अधिसूचना दिनांक **23.08.2025**द्वारा आपत्ति/सुझाव आमंत्रित किये गये थे। जिसमें **15** दिवस की निर्धारित अवधि में कोई आपत्ति/सुझाव प्राप्त नही हुए। प्रकरण में भू-उपयोग परिवर्तन किये जाने की सषर्त स्वीकृति प्रदान की गई है।

उपान्तरण

जयपुर विकास प्राधिकरण अधिनियम **1982** की धारा **25**की उपधारा (**4**)के द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए जविप्रा में नवजीवन गृ.नि.स.स. की योजना निर्माण नगर-ए-बी के आवासीय पुर्नगठित भूखण्ड संख्या- **7**व भू.सं.- **18**क्षेत्रफल **871.10**वर्गगज भूमि जिसका भू-उपयोग मास्टर विकास योजना-**2025** व जोनल विकास योजना-**04**के अनुसार व्यावसायिक दर्षाया गया है**,** का भू-उपयोग उपान्तरण मास्टर प्लान-**2025** के अनुसार व्यावसायिक प्रयोजनार्थ किया जाता है।

यह अधिसूचना आज दिनांक **10.10.2025**को जारी की गई है।

निशान्त जैन,
सचिव।

राज्य केन्द्रीय मुद्रणालय, जयपुर।